आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 09.11.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेश की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में सभी दलों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी–प्रचार के लिए दो दिन का समय बाकी।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने शिक्षा में निवेश को समाज सेवा का सबसे प्रभावी तरीका बताया।
- विधिक सेवा दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन।
- प्रसिद्ध पुष्कर पशु मेला आज से विधिवत शुरू।

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए सभी दलों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज झुंझुनू और खींवसर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। खींवसर में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने जो वादे किये हैं, उन पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेपरलीक के जरिये युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह महीने में जितनी परीक्षा हुई है वो पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज सलूंबर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया और कस्बे में रोड़ शो भी किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. सतीश पूनिया ने आज देवली–उनियारा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में विभिन्न स्थानों पर सभाओं को संबोधित किया। दूसरी ओर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी चुनाव प्रचार में जुटे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने खींवसर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार की कई अच्छी योजनाओं को बंद कर दिया है। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने आज रामगढ में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में कई स्थानों पर जनसंपर्क किया। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने भी आज खींवसर में कई गांवों का दौरा कर पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

000

निर्वाचन विभाग ने विधानसभा उपचुनाव के लिए वेबकास्ट कवरेज को और व्यापक कर दिया है। अब मतदान कक्ष के बाहर से भी लाइव कवरेज की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा कि यह नवाचार मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने में मदद करेगा। मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे और लाइव स्ट्रीमिंग की निगरानी विशेष दल द्वारा की जाएगी। इसके अलावा, मतदान प्रक्रिया को इको–फ्रेंडली बनाने के लिए भी कार्ययोजना तैयार की गई है।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि शिक्षा में निवेश समाज की सेवा करने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। उन्होंने कहा कि इससे मानव संसाधन समृद्ध होने के साथ हमारे वर्तमान और भविष्य सुरक्षित रहते हैं। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि शिक्षा देश की समृद्ध और सदियों पुरानी विरासत को फिर से खोजने की शक्ति देती है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा को कभी भी व्यापार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी ने बिना किसी पारिवारिक पृष्ठभूमि के उद्योगों में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने संस्थान के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी दिये।

000

जयपुर में दिसम्बर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों का आज मुख्य सचिव सुधांश पत ने निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

मुख्य सचिव ने गोल्फ कार्ट से आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और साफ–सफाई, अस्थायी ढांचे और स्टॉल्स के प्रबंधन के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा और पुलिस महानिदेशक यूआर साहू भी इस दौरान मौजूद रहे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गोपाष्टमी पर्व पर गौ माता की पूजा और सेवा का आह्वान किया है। उन्होंने पिंजरापोल गौशाला में गोपाष्टमी के कार्यक्रम में कहा कि गाय भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण है और गौ उत्पादों के लिए प्रभावी वातावरण बनाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि गाय हमारे जीवन का पोषण और अर्थव्यवस्था का आधार है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण से पर्यावरण संरक्षण की सीख लेने और प्रकृति पूजन को दिनचर्या बनाने का आह्वान किया। उन्होंने गौ–उत्पादों के महत्व पर जोर दिया और देशी गाय की संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने गौशाला में गौमाता की पूजा और परिक्रमा की।

000

-------------------

विधिक सेवा दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयपुर में इसके तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित किया गया। इस दौरान यातायात नियमों की जानकारी दी गई। विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम शर्मा अत्री ने बताया कि विधिक सेवा दिवस पर हर साल रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस बार देशभर में दिव्यांगों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। पाली में जिला कारागृह में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जहां बंदियों को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। भरतपुर में विधिक सेवा दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। इसके माध्यम से बाल–विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा भरतपुर के केन्द्रीय कारागार में बंदियों को कानूनी सहायता और उन्हें कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। सवाईमाधोपुर में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

000

प्रदेश में दीपावली के बाद समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद की प्रक्रिया में तेजी आई है। इसके तहत अब तक 659 किसानों ने 11 हजार क्विंटल से ज्यादा मूंग बेचकर 9 करोड़ 66 लाख रुपए से अधिक की आय अर्जित की है। राजफैड के महाप्रबंधक हरीसिंह ने बताया कि श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ जिलों में मूंग खरीद के लिए 50 केंद्र बनाए गए हैं। वर्तमान में 34 केंद्रों पर खरीद जारी है। मूंग की बिक्री के लिए तीनों जिलों में 12 हजार 712 किसानों ने पंजीयन करवाया है। सरकार ने मूंग का समर्थन मूल्य 8682 रुपए प्रति क्विंटल और मूंगफली का 6783 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। जल्द ही किसानों को भुगतान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

000

प्रसिद्ध पुष्कर मेला आज से शुरू हुआ। राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने वैदक मंत्रोच्चार के बीच ध्वजारोहण कर मेले का शुभारम्भ किया। मेले में विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रम, खेलकूद और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजि की जायेंगी। इस दौरान सैण्ड और आर्ट और कल्चरल कैमल मार्च विशेष आकर्षण केन्द्र रहेंगे। मेले के दौरान देशी–विदेशी पर्यटकों की भागीदारी रहेगी। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक सुनील घीया ने बताया कि पुष्कर पशुमेले में 5 हजार से ज्यादा पशु लाये जा चुके हैं।

000

दीपावली के बाद से जैसलमेर और माउंट आबू में पर्यटन सीजन शुरू हो गया है। दोनों स्थानों पर सैलानियों की बंपर आवक लगातार जारी है। जैसलमेर में स्वर्णनगरी के सोनार दुर्ग, गड़ीसर सरोवर, पटवा हवेली और तनोट माता के दरबार में सैलानियों का हुजूम देखने को मिल रहा है। रेत के समंदर में कैमल सफारी और जीप सफारी का भी सैलानी जमकर आनंद उठा रहे हैं। माउंट आबू में दीपावली के बाद से गुजराती सैलानियों के आने से पर्वतीय वादियां गुलजार हैं। हल्की सर्दी के बीच माउंट आबू में गुजरात, महाराष्ट्र सहित देश भर से बड़ी संख्या में सैलानी घूमने के लिए आ रहे हैं और यहां के मौसम का आनंद ले रहे हैं। दीपावली से लेकर अब तक 80 हजार से अधिक पर्यटकों के आने से नगरपालिका को पर्यटक कर से 30 लाख रूपसे से अधिक की आय हो चुकी है। सैलानियों की अच्छी आवक से पर्यटन व्यवसायियों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

000

केन्द्र सरकार ने हज यात्रा को सुगम बनाने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार कर कई कदम उठाए हैं। इन कदमों के माध्यम से महिलाओं की समानता को बढ़ावा दिया गया है, जिससे कि अधिक महिलाएं स्वतंत्र रूप से हज यात्रा पर जा सकती हैं। विशेषकर कम आय वाले लोगों के लिए हज यात्रा को सुगम बनाने के प्रावधान किये गए हैं। महिलाओं के लिए सुगम्यता को बेहतर बनाने के वास्ते हज यात्री सहायता कार्यक्रम शुरू किये गए हैं।

000

पूर्वी मध्य रेलवे छठ पूजा के बाद बिहार से वापस आने वाले यात्रियों के लिए कल से अगले पन्द्रह दिन के दौरान 446 विशेष रेलगाडियां चलायेगा। आकाशवाणी के साथ बातचीत में रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इस वर्ष यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिछले वर्ष की तुलना में 70 से अधिक अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। श्री चन्द्र ने कहा कि भीड़ के सुगम प्रबंधन के लिए पटना, दानापुर, राजेन्द्रनगर समस्तीपुर और अन्य प्रमुख स्टेशनों पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

000

जैसलमेर जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पंजीकरण और सोलर पैनल लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। जोधपुर डिस्कॉम के जिले में मौजूद अधिकारियों के लिए उपखण्डवार लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। अधीक्षण अभियंता यू.आर. गोदारा ने बताया कि फील्ड अधिकारियों को योजना के प्रचार–प्रसार करने और उपभोक्ताओं को जागरुक करने के निर्देश दिए गए हैं। तकनीकी कर्मचारियों को भी उपभोक्ताओं को योजना में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पहुंचाना है।

000

जोधपुर में अरबन हाट में आयोजित शिल्प प्रदर्शनी में देशभर के 50 से अधिक शिल्पकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में बांस, कांच, वस्त्र, लकड़ी, धातु, टेराकोटा, कश्मीरी शॉल और दक्षिण भारतीय चित्रकला सहित विभिन्न हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन हुआ। जनसामान्य और पर्यटकों ने विशेष रुचि दिखाई और खरीदारी की। कल समापन समारोह में शिल्पकारों को सम्मानित किया जाएगा।

000

बाड़मेर ज़िले में आज मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत वार्ड और ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया । इस दौरान ज़िला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई । साथ ही पात्र मतदाताओं से मौक़े पर ही मतदाता सूची से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए । ग्राम सभाओं में वोटर हैल्पलाइन, चुनावी पाठशाला, मतदाता सेवा पोर्टल, 85 साल या इससे अधिक आयु के मतदाताओं और विशेष योग्यजनों को मतदान के समय घर से वोट डालने के बारे में बताया गया ।

000